बर्षः- 06
अंकः- 124
मुरादाबाद
(Tuesday)
25 August 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## हनुमानगढ़ी में दर्शन, बाहर आकर मछली की दावत और फिर राम-राम', सीएम योगी का अजय राय पर तंज

### जनता दर्शनः सीएम से पूनम बोली- 'आत्मनिर्भर बनना चाहती हूं', योगी ने कहा- मन से गोसेवा करो, कष्ट दूर होंगे



नता दर्शन में सीतापुर की पूनम देवी ने गोपालन के जरिए आत्मनिर्भर बनने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें निराश्रित गाय उपलब्ध कराने और सरकारी योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोसेवा के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं एक दिव्यांग ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिसकी जांच के निर्देश दिए गए।सीतापुर के गुरुदेव नगर हरगांव की रहने वाली पूनम देवी 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री से मिलीं और गोपालन की अभिलाषा बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल उनकी मांगों पर विचार करते हुए अपर मुख्य सचिव (पशुधन) को निर्देश दिया कि इन्हें निराश्रित गाय उपलब्ध कराई जाए और नियमानुसार योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाए। वहीं एक दिव्यांग ने अवैध कब्जे की भी शिकायत की, जिस पर मुख्यमंत्री ने जांच कराकर निराकरण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त- हरसंभव मदद करेंगे मुख्यमंत्री को दिए प्रार्थना पत्र में पूनम देवी ने लिखा कि वह गोपालन करके आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं। अभी उनके पास 5 गाय हैं और अन्य गोमाता को रखने के लिए पर्याप्त जगह भी है। ऐसे में उन्हें और भी गाय दिला दी जाएं, जिससे वे दूध आदि की बिक्री कर परिवार को समृद्ध करेंगी। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल अपर मुख्य सचिव (पशुधन) को निर्देश दिया कि इन्हें निराश्रित गाय उपलब्ध कराई जाए और मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गोवंश की देखभाल के लिए आर्थिक सहायता भी दिलाई जाए। जनता दर्शन' में पहुंचे दिव्यांग ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी जमीन पर किसी ने कब्जा कर लिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने जांच कराकर पीड़ित के यथासंभव मदद करने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त सीएम योगी ने प्रदेश के अन्य जनपदों से आए लोगों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण का भी निर्देश दिया। सीएम योगी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि वह हनुमानगढ़ी में दर्शन करते हैं। बाहर आकर मछली की दावत उड़ाते हैं। फिर राम-राम करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने जिले को 879 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर वह राहुल गांधी पर जमकर बरसे। कहा कि कांग्रेस पार्टी राम मंदिर का विरोध करती रही है। उसे गिरगिट की तरह रंग बदलने वाला बताया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हनुमानगढ़ी में दर्शन करने जाते हैं। बाहर आकर मछली की दावत उड़ाते हैं। फिर, राम-राम चिल्लाते हैं। अरे अयोध्या के बाहर खा लेते, जो खाना था। बेशर्मी की भी एक सीमा होती है, इनके सामने गिरगिट भी शरमा जाता है।प्रदेश को माफिया प्रदेश बना दिया था कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के भाई की हत्या की गई थी। ये हत्यारों के खिलाफ बयान देने नहीं गए। दुर्दांत माफिया के सामने घुटने टेक दिए। वो तो हमारी सरकार आई, सरकार ने माफिया की भूसी निकाल दी। इन लोगों ने प्रदेश को माफिया प्रदेश बना दिया था। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का कहना है कि केवल उनके परिवार को ही सम्मान मिले। इन्होंने कभी भारत के क्रांतिकारियों और नायकों को सम्मान देने का कार्य नहीं किया। राहुल गांधी से देश कोई अपेक्षा नहीं करता- इस मौके पर सीएम ने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों को विस्मृत कर देता है, उसका कोई भविष्य नहीं होता। भारत की परंपरा और आदर्शों को भुलाकर देश के खिलाफ षड्यंत्र करने का कुछ लोगों ने ठेका ले लिया है। मंगल पांडेय, नाना साहब, तात्या टोपे और रानी लक्ष्मीबाई ने जिस स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला को आगे बढ़ाया, उसी लड़ाई का नेतृत्व रायबरेली क्षेत्र में राना बेनी माधव बख्श सिंह ने किया। यही वजह है कि वर्षों बाद भी लोग उन्हें याद करते हैं। उन्होंने राहुल गांधी के एक बयान का जिक्र करते हुए कहा कि एक व्यक्ति के रूप में देश को उनसे कोई अपेक्षा नहीं है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष होने के नाते वह संसद और लोकतंत्र के प्रति जवाबदेह हैं। राहुल गांधी ने संविधान की शपथ ली है, लेकिन भारत की परंपरा और विरासत को कोसना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। वह यूपी के बाहर जाकर यूपी को बदनाम करते हैं। देश के बाहर जाकर देश का अपमान करते हैं। वह देश विरोधी तत्वों को प्रोत्साहित करते हैं। देश ने आपातकाल की 'काली छाया' देखी है सीएम ने आगे कहा कि भारत की सेना जब सीमा पर दुश्मनों से लड़ती है तो आप उससे जवाब मांगते हैं। अयोध्या में श्रीराम के अस्तित्व पर आपकी पार्टी सवाल खड़े करती है। देश ने वर्ष 1975 में आपातकाल की 'काली छाया' देखी है। जंतर मंतर में अभी एक बेटी ने पीएम मोदी पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। बाद में उस बेटी और उसके माता-पिता ने इस बात को स्वीकार किया कि उनकी बेटी ने गलत बोला है। आप अर्बन नक्सलियों के हाथों देश को क्यों बेचना चाहते हैं? कांग्रेस ने देश को लूटा- उन्होंने आगे कहा कि अमेठी और रायबरेली इस परिवार को ढोता तो रहा, लेकिन इन्होंने इन जिलों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। यहां सब कुछ एक ही परिवार के नाम पर कर दिया गया। 1925 में काकोरी से ब्रिटिशर्स द्वारा जो खजाना ले जाया जा रहा था, क्रांतिकारियों ने उसे अपने कब्जे में लिया था। कांग्रेस ने उसे काकोरी ट्रेन लूट घटना नाम दिया। अरे लूटा तो आपने है देश को। देश को लूटकर उस धन को ठिकाने लगाने का काम आपने किया।


## यूपी में मछली दावत पर राजनीतिः राजभर बोले- प्याज-लहसुन नहीं तो वेज, अजय राय का जवाब- अब व्यवस्था बदल गई है



सावन में मछली दावत को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासी बयानबाजी तेज हो गई। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कांग्रेस पर सवाल उठाए, जबकि अजय राय ने निषाद समाज की पारंपरिक आजीविका का हवाला देकर सफाई दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा व्यवस्था में नदियों और बालू के ठेके बड़े कारोबारियों को मिल रहे हैं।सावन के महीने में मछली की दावत को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, अगर सावन के महीने में मछली की दावत होती है, तो यह हद से ज्यादा है। कांग्रेस जो चाहे करती है। कांग्रेस नेता हर चीज में माहिर हैं।अगर मछली में प्याज और लहसुन डाला गया है तो वह नॉन-वेज है, लेकिन बिना प्याज-लहसुन के बनाई गई मछली को वेज माना जा सकता है। कांग्रेस से पूछा जाना चाहिए कि मछली को प्याज-लहसुन डालकर बनाया गया था या उसके बिना।

नदियों और तालाबों की जमीन पट्टे पर दी जाती थी वहीं, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मछली दावत को लेकर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने अयोध्या में भगवान राम से जुड़े धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन किया और हनुमानगढ़ी तथा राम मंदिर में पूजा-अर्चना की।इसके बाद वह निषाद समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।अजय राय ने कहा कि मछली पकड़ना, बेचना और खाना निषाद समाज की पारंपरिक आजीविका का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि निषाद समाज नदी से जुड़ा है और कांग्रेस शासन के दौरान इस समुदाय को सम्मान मिला तथा नदियों और तालाबों की जमीन पट्टे पर दी जाती थी।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मौजूदा सरकार पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि व्यवस्था बदल गई है और गुजरात की बड़ी कंपनियों को भी नदियों और बालू के ठेकों में पट्टे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि निषाद समाज के लोगों ने मछली तैयार की थी और उन्होंने समाज के लोगों के प्रेम व सम्मान के चलते कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## मुंबई में थमे ऑटो-टैक्सी के पहिएः ड्राइवरों का दर्द- 60 की उम्र में कैसे सीखें मराठी, रोजी-रोटी पर आया संकट



मणिपुर के सेनापति जिले में सोमवार को दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में एक CRPF जवान घायल हो गया, जबकि कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया। घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों ने सड़कें जाम कर दीं। पुलिस ने यह जानकारी दी। मणिपुर के सेनापति और कांगपोकपी जिलों में आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं से तनाव बढ़ गया है। सेनापति में दो समूहों के बीच गोलीबारी में एक CRPF जवान घायल हुआ, जिसकी हालत खतरे से बाहर है। कई घरों में आग लगाए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने ह॥-2 को जाम कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, जबकि ताफोउ कुकी विलेज अथॉरिटी ने दोषियों की 24 घंटे के भीतर पहचान की मांग की है। कांगपोकपी में घर में लगाई गई आग- एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रात करीब 2=30 बजे कांगपोकपी जिले के ताफोउ कुकी गांव में कुछ उपद्रवियों ने एक घर में आग लगा दी। आगजनी की इस घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया।सेनापति में कई घर आग के हवाले- अधिकारी के मुताबिक, कांगपोकपी में हुई आगजनी की घटना के बाद सुबह करीब 4 बजे सेनापति जिले के नगा ताफोउ इलाके में कई घरों को जला दिया गया। इसके बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण हो गई।दो गुटों के बीच गोलीबारी में CRPF जवान घायल- अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 9=20 बजे ताफोउ नगा इलाके में दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक CRPF जवान घायल हो गया। उसे सेनापति जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। आगजनी के विरोध में सड़क पर उतरे लोग- सेनापति में हुई आगजनी की घटनाओं के विरोध में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोग सेनापति गेट पर जमा हुए और राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर लकड़ियां तथा टायर जलाकर सड़क जाम कर दी। इसके कारण इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। इलाके में सुरक्षा बढ़ाई गई- अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। दोषियों की पहचान की मांग- ताफोउ कुकी विलेज अथॉरिटी ने एक बयान जारी कर संपत्ति के नुकसान की कड़ी निंदा की है। प्राधिकरण ने मांग की है कि घटना के जिम्मेदार लोगों की पहचान 24 घंटे के भीतर की जाए।2023 से जारी है जातीय संघर्ष- मणिपुर में मई 2023 से मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जारी जातीय संघर्ष में अब तक 260 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं।

## 'लखनऊ हमारी कर्मभूमि': यूपी में भावुक हुए मुख्य निर्वाचन ज्ञानेश कुमार, बोले- यहीं से सीखा चुनौतियों से लड़ना



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार लखनऊ दौरे पर अपने पुराने शिक्षण संस्थान पहुंचे। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और बूथ स्तर के अधिकारियों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने लखनऊ को अपनी कर्मभूमि बताते हुए कहा कि यहीं से उन्हें अनुशासन और चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा मिली। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार अपने दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को लखनऊ पहुंचे। राजधानी आगमन के साथ ही वह अपने पुराने शिक्षण संस्थान कॉल्विन तालुकदार्स कॉलेज पहुंचे और छात्रों के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता समझाते हुए बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की सराहना की और उन्हें लोकतंत्र की असली नींव करार दिया।मुख्य निर्वाचन आयुक्त काफी भावुक नजर आए- कॉल्विन तालुकदार्स कॉलेज परिसर में प्रवेश करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त काफी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, लखनऊ से मेरा बहुत गहरा और पुराना नाता है। यहीं से शुरुआती पढ़ाई पूरी करने के बाद मैं उच्च शिक्षा के लिए आगे गया था। लंबे समय बाद अपनी कर्मभूमि लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को संदेश देने आया हूं। मुझे ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन और विपरीत परिस्थितियों में चुनौतियों से लड़ने का हौसला मिला। जेन-जी% के सवाल पर साधी चुप्पी- कॉल्विन के विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान उन्होंने अपने दौर की यादें साझा कीं और चुनावी साक्षरता का संदेश दिया। हालांकि, संवाद के दौरान जब मीडिया व छात्रों की ओर से %जेन-जी% से जुड़े मुद्दों पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने उस पर कोई टिप्पणी नहीं की और मौन साधते हुए आगे बढ़ गए। कॉल्विन तालुकदार्स कॉलेज के कार्यक्रम के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लिए रवाना होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने घर में लगाई आग; CRPF जवान घायल

मणिपुर के सेनापति जिले में सोमवार को दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में एक CRPF जवान घायल हो गया, जबकि कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया। घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों ने सड़कें जाम कर दीं। पुलिस ने यह जानकारी दी। मणिपुर के सेनापति और कांगपोकपी जिलों में आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं से तनाव बढ़ गया है। सेनापति में दो समूहों के बीच गोलीबारी में एक CRPF जवान घायल हुआ, जिसकी हालत खतरे से बाहर है। कई घरों में आग लगाए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने ह॥-2 को जाम कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, जबकि ताफोउ कुकी विलेज अथॉरिटी ने दोषियों की 24 घंटे के भीतर पहचान की मांग की है। कांगपोकपी में घर में लगाई गई आग- एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रात करीब 2=30 बजे कांगपोकपी जिले के ताफोउ कुकी गांव में कुछ उपद्रवियों ने एक घर में आग लगा दी। आगजनी की इस घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया।सेनापति में कई घर आग के हवाले- अधिकारी के मुताबिक, कांगपोकपी में हुई आगजनी की घटना के बाद सुबह करीब 4 बजे सेनापति जिले के नगा ताफोउ इलाके में कई घरों को जला दिया गया। इसके बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण हो गई।दो गुटों के बीच गोलीबारी में CRPF जवान घायल- अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 9=20 बजे ताफोउ नगा इलाके में दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई

## अठावले बोले- आरक्षण खत्म करने की मांग करने वालों पर राजद्रोह का मामला दर्ज हो

केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख रामदास अठावले ने रविवार को आरक्षण का विरोध करने वालों पर राजद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की। उन्होंने आरक्षण को सांविधानिक अधिकार बताया। अठावले ने कहा कि आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों ने इस मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर आरक्षण प्रणाली में बदलाव या उसे हटाने के अभियानों का भी आरोप लगाया। अठावले के अनुसार, आरक्षण का विरोध संविधान का विरोध है। उन्होंने जोर दिया कि आरक्षण को समाप्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह एक सांविधानिक अधिकार है। इधर, दिल्ली पुलिस ने रविवार को जंतर मंतर पर आरक्षण सुधारों को लेकर किसी भी प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी। पुलिस ने भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर लोगों को वहां इकट्ठा न होने की चेतावनी दी। जंतर मंतर पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जाति-आधारित आरक्षण के खिलाफ नारे लगाते हुए जमा हुए थे। प्रदर्शनकारी सरकारी सहायता और आरक्षण के लिए जाति के बजाय आर्थिक मानदंडों को प्राथमिकता देने की मांग कर रहे थे।

## संपादकीय Editorial

# How will trust be restored?

Competitive examinations in India are not merely evaluations of questions and answers. They involve years of hard work, time, money, family expectations, and future plans of millions of students. Therefore, when serious questions arise about the quality of a question paper in a national-level examination, necessitating a re-examination, it is not appropriate to simply dismiss it as an administrative error and move on. This raises the issue of the credibility and accountability of the entire examination system.

The decision to re-conduct the UGC-NET June 2026 examination in English, Commerce, and Sociology highlights this concern. A large number of candidates had complained about the question papers in these three subjects. After investigation, issues such as factual errors, typographical errors, translation problems, grammatical deficiencies, mistakes in the names of scholars and books, and repetition of previously asked questions were revealed. Due to these deficiencies, the decision to re-conduct the examinations in the respective subjects was made. This decision is justified in the immediate context, as declaring results based on a flawed question paper would be unfair to the students. But the real question goes beyond this:

how did such errors get into such an important question paper? Recent news and available information have raised questions about the Supreme Court's strictness regarding the NEET-UG question paper controversy and the need to strengthen, secure, and make the National Testing Agency's examination system more transparent. The crucial question is whether the current system is sufficiently robust and accountable to conduct examinations that jeopardize the future of millions of young people in the country.

When examination reforms are often discussed, there are talks about preventing question paper leaks, increasing surveillance at examination centers, safe transportation of question papers, and strict security arrangements.

All these measures are necessary, but a crucial question often gets left out: is the question paper itself accurate and of high quality? If a question misspells a scholar's name, a book title is incorrect, a factual error is present, a translation alters the meaning of a question, or a grammatical error makes a question ambiguous, how can a student's ability be assessed fairly? Therefore, two crucial pillars of examination credibility are the security of the question paper and the academic quality of the question paper.

As important as it is to ensure that question papers do not leave the examination center, it is equally important that the question papers that reach the examination center are factually correct, linguistically clear, syllabus-compliant, and balanced.

There is also discussion about the need for a national-level examination body to learn from the Union Public Service Commission's methodology. This does not mean that the examinations of both institutions are completely identical. The learning point lies in their institutional credibility and process strength.

# Truth lies within us; conquering our minds is the only true path.

The truth and peace we seek in the external world always have a subtle hint of a silent presence deep within our being. We just need to find it. I traveled to all the countries of the world. I witnessed the hustle and bustle of metropolises, spent time in the silence of ancient temples, and experienced the silence of deserts and the heights of mountains. I questioned scholars, sat at the feet of sages, and listened to the teachings of mystics. Underlying all of this was a single question: Where is truth? Humanity's oldest and deepest aspiration has been the search for truth. From birth to death, it continues to be sought in one form or another. Some seek it in religion, some in science, some in love, some in power, and some in knowledge. I, too, was a traveler on that quest. For a long time, I believed that truth was hidden somewhere out there. I believed there must be a special place, an ashram, where this secret would be revealed. This belief led me astray. But gradually, a strange fact began to dawn on me. The people I saw true peace in weren't due to any external achievement. The serenity in their eyes wasn't derived from the world. They weren't content with possessing anything, but rather, they were content with being mastersof themselves. Most people believe that if they acquire enough wealth, honor, knowledge, or experience, they will find the truth we seek. The external world is changeable. What brings us joy today may leave us indifferent tomorrow. Desires and circumstances change constantly. If truth were dependent on all this, it would be equally unstable, but the nature of truth cannot be unstable. This is where a new door opened to my understanding. I realized that a subtle hint of the truth and peace I was searching for in the external world had been within me all along. It was a silent presence deep within my being. The problem was that my attention was wandering in every direction except where it actually existed. The human condition is like someone searching all over the house for something in their pocket. Then, suddenly, they realize that what they were looking for was right there with them. When I asked the great sages of India where truth lies, their answers varied, but pointed in the same direction. The inner journey demands courage. The person who accepts this courageous journey gradually makes a remarkable discovery. They find that their thoughts change, but they themselves are not thoughts. Their body changes with time, but the core of their consciousness remains, and within that core exists a peace that does not depend on circumstances. This is the point where the first glimpse of truth is found. Conquer your mind. Wealth, honor, knowledge, and circumstances change, but the peace within inner consciousness remains constant. The essence of life lies not in achieving achievements, but in oneself and conquering the mind. Only when we stop comparing ourselves to others, chasing desires, and expecting satisfaction from the outside world can we experience the silent presence within.

# Politics and Policy: Madhya Pradesh's Rising Status in Delhi



Eight leaders from Madhya Pradesh have been given important responsibilities in the BJP's new national team. Lal Singh Arya, Gajendra Patel, Kavita Patidar, VD Sharma, Banshilal Gurjar, and others have been appointed key positions. At the administrative level, Dipti Gaur Mukherjee has been appointed Secretary of Higher Education, and Anurag Jain has been appointed CEO of NITI Aayog. Significant political and administrative changes have recently taken place in the national capital, Delhi. BJP National President Nitin Naveen has significantly increased the importance of Madhya Pradesh by including eight individuals from Madhya Pradesh in his new team. Among these eight, Lal Singh Arya has been appointed Vice President, Gajendra Patel General Secretary, Kavita Patidar Minister, VD Sharma Cell Cluster Coordinator, Banshilal Gurjar National President of the Kisan Morcha, and Ashish Usha Agarwal National Media Co-ordinator. Nitin also includes two other leaders from Madhya Pradesh in his national team. These are Tarun Chugh, the National Office Incharge (though he hails from Punjab, he is currently a Rajya Sabha member from Madhya Pradesh) and Pradeep Bhandari from Indore, who has been appointed National Media Co-ordinator. Similarly, Madhya Pradesh's administrative status has also increased at the Centre. Following the NEET exam controversy, all eyes are on the Higher Education Department, and the responsibility for this department has been assigned to Deepti Gaur Mukherjee, a 1993-batch IAS officer from the Madhya Pradesh cadre. She has been appointed Secretary of this department. Former Chief Secretary Anurag Jain, a 1989-batch IAS officer from the Madhya Pradesh cadre, has also recently been appointed CEO of the NITI Aayog. Two responsibilities simultaneously after retirement - This is perhaps the first instance in Madhya Pradesh's administrative history where a former IAS officer is assuming two important responsibilities simultaneously after retirement. We are talking about Sanjay Gupta, a 2007-batch IAS officer. He is currently the Chairman of the Cooperative Tribunal, having held this position for only three or four months. The state government has also appointed him a member of the MP RERA. This poses the question of whether he should continue in his current position or become a RERA member. The condition for both positions is that he will remain in office until the age of 65. It has been learned that the Chief Minister appointed Sanjay Gupta as a RERA member after being impressed by his work ethic. It is believed that he will likely prove more useful here. It will be interesting to see whether Sanjay Gupta remains on the Cooperative Tribunal or joins RERA as a member. While the newly appointed RERA Chairman, former senior IAS officer Shailendra Singh, and the administrative member of the Appellate Authority, former IAS officer Ravindra Singh, have assumed their positions at RERA, Sanjay Gupta has not yet assumed his duties. Bhopal's growing reputation: Somendu Bagchi, a 1993 batch Indian Foreign Service officer, was recently appointed by the central government as India's ambassador to Switzerland. Bagchi hails from Madhya Pradesh. His father, the late B.K. Bagchi, was a well-known official in the Madhya Pradesh Tourism Department. Sanjay Jaju, a 1992-batch IAS officer, is currently the Chief Secretary of Telangana. Prabhakar Raghavan, a native of Bhopal, is currently the Vice President of Google. Former RBI Governor Raghuram Rajan, former Chief Secretary of the state Parshuram, Brigadier Somesh Seth, and BHEL Executive Director Pradeep Upadhyay also studied in Bhopal. Rewa Collector Sets a New Example - Rewa District Collector Narendra Suryavanshi set a new example on the occasion of Independence Day, August 15th. Instead of hoisting the flag himself in the Collector's office, he had his stenographer perform this national task. Collector Suryavanshi believes that everyone should have the opportunity to experience these moments of pride. This initiative by Narendra Suryavanshi, a 2012-batch IAS officer, is receiving widespread praise. Discussion of officers splitting into two groups - For the first time in Bhopal's Van Bhawan, there is widespread discussion about the officers appearing to be divided into two groups. According to sources, the two factions of the Tea Party are beginning to drift apart. It remains to be seen whether this factionalism escalates or whether reconciliation occurs in the coming days.

# सावन का आखिरी सोमवार : शिवालयों में आस्था के जल से हुआ भोलेनाथ का अभिषेक, गूंजा हर हर महादेव का जयघोष

## हरिद्वार व ब्रजघाट से गंगाजल लाकर कांवड़ियों ने भी शिव का अभिषेक किया







मुरादाबाद। यूपी के मुरादाबाद में सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में आस्था के जल से भक्तों ने भोलेनाथ का अभिषेक किया। मंदिर में भारी भीड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंध रहा। इसके अलावा भक्तों ने बाबा का जयकारा लगाते हुए दर्शन पूजन किया। सावन के चौथे और आखिरी सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।वही, हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगाजल लाकर कांवड़ियों ने भी शिव का अभिषेक किया। इस दौरान शिवालयों में हर हर महादेव का जयघोष गूंजता रहा।सावन के आखिरी सोमवार को महानगर के 84 घंटा, सीताराम मंदिर, श्री ऋणमुक्तेश्वर शिव मंदिर, नया मुरादाबाद स्थित श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर, हरथला व आशियाना स्थित शिव मंदिरों व अन्य शिवालयों में भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना परिवार की सुख समृद्धि मांगी। शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा अर्चना का क्रम दोपहर बाद तक चलता रहा।वहीं बहुत से भक्तों ने रुद्राभिषेक भी कराया।

# बेटी को मच्छर ने काटा... पिता ने डीएम से कर दी स्कूल की शिकायत

एक अभिभावक ने डीएम को ई-मेल भेजकर शिकायत की कि उनकी एलकेजी में पढ़ने वाली बेटी को स्कूल में बार-बार मच्छर काट रहे हैं। पहली घटना के बाद स्कूल डायरी में शिकायत करने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और बच्ची को दोबारा मच्छर ने काट लिया। उन्होंने मच्छर जनित बीमारियों के खतरे का हवाला देते हुए स्कूल में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की।स्कूल समय में एलकेजी की छात्रा को मच्छर के काटने पर उसके पिता ने डीएम को ई-मेल भेज कर शिकायत की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि बार-बार उसकी बेटी को मच्छर काट रहे हैं। स्कूल को बताने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि जब वह पूरी फीस देते हैं तो स्कूल प्रबंधन बच्चों को स्वच्छ माहौल क्यों नहीं दे पा रहा है। डीआईओएस का कहना है कि डीपीआरओ को पत्र भेजकर जिले के सभी स्कूलों में फॉगिंग करवाए जाने के लिए कहा जाएगा।अमेटी विश्वविद्यालय नोएडा के असि. प्रोफेसर द्वितीय डॉ. सोनू सिंह ने 19 अगस्त को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया को भेजे ई-मेल में कहा कि उनकी बेटी एलकेजी की छात्रा है।चूंकि वह



स्वयं आठ वर्षों तक अमेरिका में न्यूरोसाइंटिस्ट के तौर पर काम कर चुके हैं, इसलिए मच्छर जनित रोगों की गंभीरता और बार-बार मच्छरों के संपर्क में आने से जुड़े संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को भलीभांति समझते हैं।

उनका कहना है कि जब पहली बार बेटी को स्कूल में मच्छर ने काटा था तो इसकी शिकायत स्कूल डायरी में विद्यालय प्रशासन से की थी, इसके बावजूद स्कूल की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इसके बाद बेटी को दोबारा मच्छर ने काट लिया।

डीएम को मच्छर के काटने से बने निशान की तस्वीरें भेजते हुए उन्होंने कहा कि यह स्थिति मामूली असुविधा नहीं है। मच्छरों के संपर्क में आने से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य मच्छर जनित संक्रमण हो सकते हैं, खासकर जब बच्चे लगातार ऐसे वातावरण में रहते हैं जहां मच्छर नियंत्रण के उपाय स्पष्ट रूप से लागू नहीं किए जा रहे हैं।

डीएम से की गई शिकायत में कहा गया है कि अभिभावक होने के नाते हम अपने बच्चों को विद्यालय के भरोसे छोड़ते हैं और यह आशा करते हैं कि विद्यालय उन्हें स्कूल के समय के दौरान एक सुरक्षित, स्वच्छ और उचित रूप से संरक्षित वातावरण प्रदान करेगा।

हम निर्धारित विद्यालय शुल्क का पूर्ण भुगतान करते हैं और विद्यालय प्रबंधन से अपेक्षा करते हैं कि वह हमारे बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति अपनी उचित जिम्मेदारी निभाए। इसलिए यह बेहद निराशाजनक और दुखद है कि इस मामले को पहले ही स्कूल के ध्यान में लाए जाने के बावजूद समस्या स्पष्ट रूप से जारी है।मच्छरों की समस्या किसी भी स्कूल में नहीं होनी चाहिए। इसके लिए डीपीआरओ को पत्र भेजकर जनपद के सभी स्कूलों में फॉगिंग करवाए जाने का अनुरोध किया जाएगा, ताकि संचारी रोग पर नियंत्रण लग सके। रितु तोमर, जिला विद्यालय निरीक्षक

# IAS आंजनेय कुमार सिंह छोड़ गए बेबाक और निर्भीक कार्यशैली की छाप, आजम खां से चर्चा में आए... अब छुट्टी



मुरादाबाद मंडल को संगीता सिंह के रूप में नई कमिश्नर मिल गई हैं, जिससे आंजनेय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया।आंजनेय कुमार सिंह का साढ़े पांच साल का कार्यकाल समाप्त।

संगीता सिंह बनीं मुरादाबाद मंडल की नई कमिश्नर। 14 अगस्त के बाद से कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति को लेकर चल रही अटकलों पर रविवार रात विराम लग गया। संगीता सिंह के रूप में मुरादाबाद मंडल को नई कमिश्नर मिल गईं। आंजनेय कुमार सिंह का बीते साल सातवीं बार कार्यकाल बढ़ा था, जिसकी अंतिम तिथि 14 अगस्त की थी। 14 अगस्त तक काम कर वह छुट्टी पर चले गए थे।

आंजनेय कुमार सिंह, बतौर कमिश्नर अपने साढ़े पांच साल के कार्यकाल में वह बेबाक और निर्भीक कार्यशैली की छाप छोड़ गए। उन्होंने कभी दबाव नहीं माना। विकास कार्य और फरियादियों की सुनवाई उनकी हमेशा पहली प्राथमिकता रही।

कौन हैं आंजनेय कुमार सिंह?- कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह 2005 बैच के सिक्किम कैडर के आईएएस अफसर हैं। सिक्किम कैडर से प्रदेश में प्रतिनियुक्ति पर उन्हें लाया गया था। प्रदेश में प्रतिनियुक्ति पर आने के बाद वह फतेहपुर, बुलंदशहर व मुरादाबाद मंडल के ही रामपुर जनपद के डीएम बनेपांच साल की प्रतिनियुक्ति पर प्रदेश आए कमिश्नर का बतौर रामपुर डीएम रहते साल 2020 में पहली बार एक साल की प्रतिनियुक्ति बढ़ी। फिर वह छह मार्च 2021 को मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर बने। साल 2021 में दूसरी बार एक साल के लिए फिर प्रतिनियुक्ति बढ़ी।

2022 में तीसरी व 2023 में चौथी बार प्रतिनियुक्ति बढ़ाई गई। साल 2024 में छह-छह माह के लिए दो बार प्रतिनियुक्ति बढ़ी।

लगातार छह बार प्रतिनियुक्ति बढ़ने के बाद के बाद 2025 में सातवीं बार 14 अगस्त 2026 तक प्रतिनियुक्ति बढ़ी, जो प्रशासनिक नियमों में दुर्लभ मिसाल बना। कार्यकाल में कोरोना महामारी के दौरान मंडल के जनपदों में उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों, विकास कार्यों, फरियादियों की सुलभ जनसुनवाई ने नजीर पेश की।

मंडल के गजेटियर से लेकर जिला और ग्राम्य गजेटियर ने उनके विजन को दर्शया।

उनके नेतृत्व में ही इस साल बुद्धि विहार स्थित गांधी मैदान में राष्ट्रीय स्तर के उदीषा साहित्योउत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रशासनिक कार्यकुशलता के साथ-साथ उन्होंने शानदार व्यक्तित्व की छवि मुरादाबाद मंडल के लोगों में छोड़ी। कमिश्नरी की कुर्सी की ताकत से मंडलवासी रूबरू हुए। कुल मिलाकर आंजनेय बतौर कमिश्नर लंबी लकीर खींच गए।

सर्वाधिक साढ़े पांच साल एक ही कमिश्नरी के कमिश्नर का रिकार्ड-कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने छह मार्च 2021 को मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर के रूप में कार्यभार गृहण किया था।

मतलब करीब साढ़े पांच से वह मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर रहें। इस रिकार्ड के साथ वह पहले ऐसे आईएएस अफसर बनें जिन्होंने एक ही कमिश्नरी में बतौर कमिश्नर इतनी लंबी सेवाएं दीं। प्रदेश में अन्य किसी सीनियर आईएएस अफसर के खाते में यह रिकार्ड नहीं है।

आजम खां से चर्चा में आए, उन्हीं की कोर्ट में पहुंचा जौहर विश्वविद्यालय का मामला

कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह रामपुर के डीएम रहे। इसी दौरान सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां पर कार्रवाई से वह चर्चा में आए। आजम खां के ही रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश प्रकरण की उनके ही कोर्ट में सुनवाई चल रही है। मतलब विश्वविद्यालय का भाग्य भी उन पर आकर टिका, लेकिन अब नवागत कमिश्नर पर सभी की निगाहें हैं।

2009 बैच की आईएएस अफसर हैं नवागत कमिश्नर- मूलरूप से इटावा की रहने वाली संगीता सिंह 2009 बैच की आईएएस अधिकरी हैं। मुरादाबाद स्थानांतरण से पहले वह जनवरी 2025 से अलीगढ़ की मंडलायुक्त रहीं। इससे पूर्व वह सुल्तानपुर में बतौर जिलाधिकारी प्रशासनिक सेवाएं दे चुकी हैं। 'आयुष्मान भारत- जन आरोग्य योजना' में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर कार्यरत रही हैं।

# यूपी में 17 IAS अधिकारियों का बड़ा फेरबदल, अलीगढ़-मुरादाबाद मंडलायुक्त बदले; कई विभागों में नई जिम्मेदारियां

त्तर प्रदेश सरकार ने देर रात प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए 17 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। मंडलायुक्त से लेकर राजस्व परिषद, ग्रामीण विकास, आयुष, शहरी विकास और योजना विभाग तक कई अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं।उत्तर प्रदेश में देर रात एक बार फिर बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने 17 आईएएस अधिकारियों के तबादले करते हुए कई महत्वपूर्ण पदों पर नई तैनाती की है। इस बदलाव में मंडलायुक्त स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ राजस्व परिषद, ग्रामीण विकास, आयुष, शहरी विकास, योजना और अन्य विभागों में भी जिम्मेदारियां बदली गई हैं। अलीगढ़ और मुरादाबाद में बदले मंडलायुक्त- प्रशासनिक फेरबदल में सबसे अहम बदलाव अलीगढ़ और मुरादाबाद मंडल में हुआ है। अलीगढ़ की मंडलायुक्त संगीता सिंह को अब मुरादाबाद मंडल का नया मंडलायुक्त बनाया गया है। वह अंजनेय कुमार सिंह की जगह लेंगी।अंजनेय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति 14 अगस्त को समाप्त हो गई थी। प्रतिनियुक्ति पूरी होने के बाद उन्हें उनके मूल कैडर सिक्किम वापस भेज दिया गया है। वहीं, प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद में सदस्य (न्यायिक) के पद पर तैनात ओम प्रकाश आर्य को अलीगढ़ का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। आयुष और ग्रामीण विकास विभाग में भी बड़ा बदलाव- सरकार ने आयुष और ग्रामीण विकास विभाग में भी महत्वपूर्ण फेरबदल किया है। ग्रामीण विकास आयुक्त और ग्रामीण विकास विभाग के सचिव गौरी शंकर प्रियदर्शी को आयुष विभाग का महानिदेशक बनाया गया है। उन्हें राष्ट्रीय आयुष मिशन, उत्तर प्रदेश के मिशन निदेशक की जिम्मेदारी भी दी गई है। समाज कल्याण विभाग के सचिव प्रमोद कुमार उपाध्याय को उत्तर प्रदेश का ग्रामीण विकास आयुक्त नियुक्त किया गया है। रवींद्र कुमार को शहरी विकास विभाग की जिम्मेदारी- रवींद्र कुमार को शहरी विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश जल निगम (शहरी) के प्रबंध निदेशक और अमृत (अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) के राज्य मिशन निदेशक के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। योजना विभाग में डॉ. राज शेखर की तैनाती- उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक रहे डॉ. राज शेखर को योजना विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। आयुक्त एवं निबंधक योगेश कुमार को उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद हादसा: पति संग मंदिर जा रही महिला हाईवे पर बाइक से गिरी, पीछे से आए वाहन ने कुचला

पति के साथ मंदिर जा रही एक महिला मुरादाबाद में दिल्ली-ल ख न ऊ नेशनल हाईवे पर चलती बाइक से गिर गई। पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।मूंढापांडे क्षेत्र दिल्ली-ल ख न ऊ नेशनल हाईवे पर सोमवार को सुबह पति के साथ मंदिर जा रही महिला गीता चलती बाइक से गिर गई। पीछे से आए वाहन ने हाईवे पर गिरी पड़ी महिला को कुचल दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। गांव नबाबपुरा निवासी अंकित सोमवार को सुबह पत्नी गीता और बहन के साथ बाइक से रामपुर के पंजाबनगर स्थित शिव मंदिर जा रहे थे। तीनों जैसे ही सुबह करीब आठ बजे नेशनल हाईवे पर कोसी पुल के पास पहुंचे तो बाइक पर पीछे बैठी गीता अचानक गिर पड़ी। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने गीता को कुचल दिया। मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### मुरादाबाद में फिर पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ: कांठ के सलेमपुर में ग्रामीणों ने ली राहत की सांस, अब तक 9 का रेस्क्यू

मुरादाबाद के कांठ क्षेत्र के सलेमपुर गांव में वन विभाग ने एक तेंदुए को पिंजरे में पकड़ा, जिससे ग्रामीणों ने राहत महसूस की। यह मुरादाबाद रेंज में 3 अगस्त से अब तक पकड़ा गया नौवां तेंदुआ है।तेंदुआ प्रभावित कांठ क्षेत्र में वन विभाग को सोमवार को सफलता मिली। सलेमपुर गांव में लगाए गए ट्रैप केज (पिंजरे) में एक तेंदुआ कैद हो गया। तेंदुआ पिंजरे में कैद होने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा इंतजामों के बीच उसे कब्जे में लिया। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। डीएफओ डा. विनय कुमार सिंह ने बताया कि सलेमपुर गांव में तेंदुए की गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही थी। तेंदुए को पकड़ने के लिए ट्रैप केज लगाया गया था। सोमवार को तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर पिंजरे को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्रवाई शुरू की। तेंदुए की मौजूदगी से गांव और आसपास के ग्रामीणों में काफी समय से दहशत थी। खेतों की ओर जाने वाले ग्रामीण विशेष सावधानी बरत रहे थे। वन विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्र में लगातार निगरानी और गश्त कर रही है।सलेमपुर में तेंदुआ पकड़े जाने के बाद मुरादाबाद रेंज में अब तक नौ तेंदुओं को रेस्क्यू किया जा चुका है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और तेंदुआ दिखाई देने पर भीड़ न लगाने की अपील की है।

### 21 साल बाद बदला गांव का नक्शा- 6.8 हेक्टेयर से सीधे 69 हेक्टेयर हुई ग्राम समाज की जमीन

मुरादाबाद के रसूलपुर नगली में 21 साल बाद चकबंदी प्रक्रिया पूरी हुई, जिससे ग्राम समाज की जमीन 6.8 हेक्टेयर से बढ़कर 69 हेक्टेयर हो गई। इस प्रक्रिया में नदी, चकरोड और सार्वजनिक उपयोग की भूमि का नए सिरे से अभिलेखन किया गया, जिससे अभिलेखों में 62.321 हेक्टेयर की वृद्धि दर्ज हुई।तहसील मुरादाबाद के ग्राम रसूलपुर नगली में 21 साल से चल रही चकबंदी प्रक्रिया आखिरकार पूरी हो गई। चकबंदी पूरी होने के बाद ग्राम समाज की जमीन के अभिलेखों में बड़ा बदलाव सामने आया है। वर्ष 2005 में चकबंदी में शामिल हुए गांव में आधार वर्ष खतौनी के अनुसार ग्राम समाज की कुल भूमि 6.8430 हेक्टेयर दर्ज थी। प्रक्रिया के दौरान विभिन्न मदों की जमीन का नए सिरे से सत्यापन और अभिलेखीकरण किया गया। इसके बाद ग्राम समाज की विभिन्न मदों में कुल 69.1640 हेक्टेयर भूमि दर्ज की गई है। यानी आधार वर्ष के मुकाबले अभिलेखों में 62.3210 हेक्टेयर की वृद्धि दर्ज हुई है।चकबंदी के दौरान गलत इंद्राजों को निरस्त कर श्रेणी-6 की सभी मदों का क्षेत्रफल 1359 फसली खतौनी के अनुसार मूल मद में दर्ज किया गया। साथ ही गांव की आवश्यकताओं को देखते हुए कब्रिस्तान, श्मशान आदि सार्वजनिक उपयोग की भूमि सुरक्षित की गई। ग्राम समाज की कुल भूमि 69.1640 हेक्टेयर दर्ज हुई है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## श्रावण के अंतिम सोमवार पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, सुख-समृद्धि की कामना



रामपुर क्यूँ न लिखूँ सच /। पवित्र श्रावण मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार को श्रावण शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर प्रात:काल देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बिल्व पत्र, दूब घास, भांग, सुगंधित पुष्प, ऋतु फल, चावल, मूंग, चना दाल, हल्दी, काला तिल, लौंग, यज्ञोपवीत आदि पूजन सामग्री अर्पित की।इसके उपरांत धूप-दीप, कपूर एवं आरती के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मृत्युंजय महामंत्र एवं शिव पंचाक्षरी मंत्र का जाप करते हुए सभी के सुख, समृद्धि, शांति एवं मंगल की कामना की। घंटा-घड़ियाल की गूंज के बीच भगवान भोलेनाथ की मानसिक आरती की गई। पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से नमः शिवाय, हर हर महादेव, जय महाकाल, जय बाबा विश्वनाथ, जय विष्णु भगवान, जय श्री राधे और जय श्री राम के जयकारे लगाए। अंतिम सोमवार के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से परिवार एवं समाज के कल्याण की प्रार्थना की।

## हर-हर महादेव के जयकारों के साथ कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक





बिलारी क्यूँ न लिखूँ सच । पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार के अवसर पर सोमवार को बृजघाट से कांवड़ में पवित्र गंगाजल लेकर लौटे शिवभक्त कांवड़ियों ने मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। कांवड़ियों के मंदिर पहुंचते ही हर-हर महादेव और जय महाकाल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़ियों ने बृजघाट से पवित्र गंगाजल लाकर भगवान शिव को अर्पित किया और पूजा-अर्चना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मोहल्ले की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और अन्य श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे तथा कांवड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कांवड़ बेड़े में शामिल सनी भोला, सचिन भोले, राजकुमार भोले, आकाश भोले, आशीष भोले, उमेश भोले, मुकेश भोले, तरुण भोले, अंकित भोले, शुभम भोले, विनीत भोले, अक्षय भोले, चिराग भोले, विष्णु भोले, सुनील भोले, सोमिल भोले, दक्ष भोले, मयंक भोले, अंशुल भोले, कृष्णा भोले, सारांश भोले, इसलोक भोले, शिवम भोले, आदर्श भोले, किशन भोले, नन्नू भोले, शिव भोले, अमित भोले और मनीष भोले सहित सभी शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बेड़े के महंत अखिलेश भोले के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा संपन्न हुई। व्यवस्थापक अभिषेक भोले ने बताया कि शिवभक्तों ने बृजघाट से गंगाजल लाकर परंपरा के अनुसार शिव मंदिर में जल अर्पित किया। बेड़े के संयोजक भगवान चंद सक्सेना, रोमी बंसल, सोनू शर्मा और राजू बंसल सहित अन्य मोहल्लेवासियों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बोल बम और जय महाकाल के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अलीगढ़ में मायावती का मंदिर बनाने की तैयारी, बसपा सुप्रीमो को लिखा पत्र, जवाब मिलते ही होगा भूमि पूजन



